आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 21.06.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया। कहा– दुनिया योग को वैश्विक हित के शक्तिशाली तंत्र के रूप में देखती है।
- सर्वोच्च न्यायालय का नीट–स्नातक 2024 काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार। राष्ट्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी।
- हरिद्वार जिले की मंगलौर और चमोली की बदरीनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया समाप्त।
- प्रदेश के महाविद्यालयों और वैलनेस सेंटरों में जल्द ही योग प्रशिक्षकों की तैनाती की जाएगी।

**अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस –1**

दुनिया भर में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। देश में मुख्य समारोह जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में शेर–ए–कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनगर से समारोह का नेतृत्व किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री योग सत्र में शामिल हुए। उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया। इस सत्र में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास में योग के महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में योग अपनाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है और इसकी उपयोगिता को भी लोग पहचान रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व नेता अपनी बातचीत के दौरान योग पर अक्सर चर्चा करते हैं। श्री मोदी ने कहा कि योग आज शोध का विषय बन गया है और कई शोध पत्र पहले ही प्रकाशित हो चुके हैं। पिछले 10 वर्ष में योग के विस्तार पर, प्रधानमंत्री ने एक नई योग अर्थव्यवस्था के बारे में बात की और योग पर्यटन के प्रति बढ़ते आकर्षण और लोगों की योग सीखने के लिए भारत आने की इच्छा का उल्लेख किया।

**अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस –**

इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय है – स्वयं और समाज के लिए योग। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया योग को वैश्विक कल्याण के एक शक्तिशाली तंत्र के रूप में देख रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वैशविक समुदाय विशेषकर देशवासियों को आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि योग मानवता को भारत का अनूठा उपहार है।

**अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस –देहरादून**

इस बीच, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज देहरादून के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में भारतीय वन सेवा और केंद्रीय राज्य वन सेवा अकादमी के प्रशिक्षुओं के साथ योगाभ्यास किया। इस दौरान चार सौ से अधिक लोग उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री ने वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मातृ वन की स्थापना की। उन्होंने सभी से इस अभियान का हिस्सा बनने और एक–एक पौधा लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह एक जन अभियान है और 140 करोड़ लोगों को अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाना चाहिए।

**संबोधन**

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज देहरादून के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में भारतीय वन सेवा के परिवीक्षार्थियों और केंद्रीय राज्य वन सेवा अकादमी के प्रशिक्षुओं से को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि वन अधिकारी वन्यजीवों और जैव विविधता की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही वन क्षेत्रों में और उसके आसपास रहने वाले समुदायों की भी सुरक्षा करते हैं। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि सरकार कार्बन उत्सर्जन तीव्रता को कम करने के साथ ही देश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढाने में बेहतर काम किया है। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी के नवनिर्मित बहुउद्देशीय हॉल का उद्घाटन भी किया। इस बहुउद्देशीय हॉल के निर्माण का मुख्य उद्देश्य भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थियों को उनके प्रशिक्षण के दौरान बैडमिंटन, बास्केटबॉल जैसे विभिन्न इनडोर खेलों के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।

### अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस प्रदेश–1

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राज्य के सभी जिला मुख्यालयों के साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उत्तराखण्ड में योग दिवस का प्रमुख कार्यक्रम पिथौरागढ़ जिले के पार्वतीकुण्ड आदि कैलाश में हुआ, जहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने योग कर प्रदेश को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड योग और ध्यान की प्राचीन पद्धति के इतिहास को समेटे हुए है। प्रदेश सरकार राज्य को अंतरराष्ट्रीय योग हब बनाने की दिशा में काम कर रही है। श्री धामी ने कहा कि विश्व में योग को पहचान दिलाने में भारत का अहम योगदान है।

इधर, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में "स्वयं और समाज के लिए योग" विषय पर आधारित भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्य, प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा और स्पोर्ट्स कॉलेज के छात्रों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सभी सेयोग को अपनाकर स्वस्थ रहने और अन्य लोगों को भी योग के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

### अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस प्रदेश–2

वहीं, **चंपावत** जिले के गौरलचौड मैदान में वृहद योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक एवं आयुष विभाग व सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के योग विज्ञान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। **अल्मोड़ा** में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कई स्थानों में योगाभ्यास कार्यक्रम किए गए। खेल मैदान सिमकनी में आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। **रूद्रप्रयाग** जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ केदारनाथ धाम से किया गया। इस दौरान श्रद्वालुओं ने योग कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। उधर, **उत्तरकाशी** जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनता ने बढ–चढकर हिस्सा लिया। **नई टिहरी** में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर टिहरी झील के किनारे विधायक किशोर उपाध्याय व विभागीय अधिकारियों ने योगाभ्यास किया। **हरिद्वार** में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला प्रशासन की ओर से हर की पैड़ी पर योग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने योग किया। योगनगरी ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट में आयोजित योग शिविर में युवाओं ने योगाभ्यास कार्यक्रम में बढ़–चढकर हिस्सा लिया।

### नीट काउंसलिंग रोक इंकार

सर्वोच्च न्यायालय ने मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी की इस वर्ष की काउंसलिंग प्रक्रिया रोकने से इनकार कर दिया है और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को नोटिस भेजा है। न्यायालय ने नई याचिकाओं को मौजूदा याचिकाओं के साथ जोड़ दिया और सुनवाई की तारीख 8 जुलाई तय की है। यह फैसला इस मामले पर परीक्षा को लेकर चल रही कानूनी चुनौतियों के बीच आया है।

### जल संरक्षण

प्रदेश में जल संरक्षण के लिए आधुनिक और कारगर तकनीक का प्रयोग करने को कहा गया है। सचिवालय में आयोजित बैठक में अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने अधिकारियों को जल संरक्षण और संचयन के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार करने और इसमें जनसहभागिता बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जल संरक्षण और संवर्द्धन को जल आंदोलन के रूप में लेने के निर्देश दिए हैं। श्री बर्द्धन ने कहा कि नगर निकायों, प्राधिकरणों, पंचायतीराज और वन विभाग द्वारा जन सहभागिता से जल संचयन के लिए रिचार्ज पिट, चाल–खाल और चेक डैम बनाये जाएं। साथ ही महिला मंगल दलों, युवक मंगल दलों और जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वालों का इसमें सहयोग लिया जाए। उन्होंने जल संरक्षण और संवर्द्धन के लिए राज्य और जिला स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन करने को भी कहा।

## आपदा राहत–हेलीकॉप्टर तैनाती

राज्य में मानसून सीजन के दौरान आपदा राहत बचाव कार्यों के लिए तीन हेलीकॉप्टर तैनात किए जाएंगे। इसके लिए उत्तराखंड नागरिक उड्डयन एवं विकास प्राधिकरण (यूकाडा) ने कंपनियों के चयन की प्रक्रिया तेज कर दी है। यूकाडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सी रविशंकर ने बताया कि पिछले दिनों नागरिक उड्डयन एवं विकास प्राधिकरण ने इसका टेंडर जारी किया था। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के एक सप्ताह में हेलीकॉप्टर तैनात कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहली बार सरकार राहत–बचाव कार्यों के लिए हेलीकॉप्टर तैनात कर रही हैं, जिनका बजट आपदा प्रबंधन विभाग खर्च करेगा।

## उपचुनाव नामांकन

हरिद्वार जिले की मंगलौर और चमोली की बदरीनाथ विधानसभा सीटो पर उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया आज शाम समाप्त हो गई। 24 जून को नामंकन पत्रों की जांच की जाएगी और 26 जून तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। दोनों विधानसभा सीटों पर मतदान 10 जुलाई को होगा और मतगणना 13 जुलाई को होगी।

## तैनाती

शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने कहा है कि जल्द ही प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में एक–एक योग प्रशिक्षक की तैनाती की जाएगी। डाक्टर रावत ने आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पौड़ी में शहीद जसवंत सिंह रावत रांसी स्टेडियम में आयोजित योग कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि आरोग्य रहने के लिए योग जरूरी है और इसके लिए प्रदेश के एक हजार आठ सौ वैलनेस सेंटर में योग प्रशिक्षकों की तैनाती की जाएगी।

## नई वोल्वो बस

यात्रियों को बेहतर और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए उत्तराखंड परिवहन निगम ने 12 नई वोल्वो बस खरीदी हैं। इनमें से निगम को पांच बसे मिल चुकी है। परिवहन निगम के महाप्रबंधक संचालक दीपक जैन ने बताया कि नई वोल्वो बस मिलने से अनुबंध खत्म हुई पुरानी वॉल्वो बसों को बदला जायेगा। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम, पर्वतीय क्षेत्रों में यातायात को और सुगम बनाने के लिए 130 नई बसों का संचालन करेगा। इसके लिए बसों का ऑर्डर दे दिया गया है और जुलाई से निगम को बस मिलनी शुरू होंगी।

## आकाशवाणी समाचार–भरोसेमंद समाचार ब्रांड

आकाशवाणी समाचार को भारत में सबसे भरोसेमंद समाचार ब्रांडों में से एक माना गया है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के रॉयटर्स इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ जर्नलिज्म, के हाल ही में कराए गए एक सर्वेक्षण में, देश के मीडिया जगत में आकाशवाणी समाचार की श्रेष्ठता की पुष्टि की गई है। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कहा कि यह सभी परिस्थितियों में सच्ची और प्रमाणित खबरें प्रसारित करने की आकाशवाणी समाचार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।